राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद
(भारत सरकार का एक विधिक संस्थान)
गुरुर्गुरुतमो धाम
NCTE
National Council for Teacher Education
(A Statutory Body of the Government of India)

फा.सं. 2–1/2010/राअशिप/स्थापना

दिनांक : 15 जुलाई, 2015

<u>परिपत्र</u>

विषयः दिनांक 03.07.2015 को अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 03.07.2015 को अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त सूचना और आवश्यक कार्रवाई के लिए संलग्न है।

कार्यवृत्त सक्षम प्राधिकारी की सहमति से जारी किया जा रहा है।

(एस.पी.उनियाल)
परामर्शदाता राभा(हिन्दी)

अनुलग्नकः यथोपरि

प्रतिलिपिः

1. अध्यक्ष के निजी सचिव
2. सदस्य सचिव के निजी सचिव
3. समस्त क्षेत्रीय समितियां (उक्षेस, दक्षेस, पक्षेस एवं पूक्षेस)
4. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यगण
5. श्री गजराज सिंह, उप निदेशक, सी विंग, शास्त्री भवन, मानव संसाधन विकास मंत्रालय
6. गार्ड फाइल

Wing – II, Hans Bhawan, 1, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
Tel : 011-23370129, Fax : 23379980

दिनांक 03.07.2015 को अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

1. बैठक में भाग लेने वाले अधिकारियों की सूची अनुलग्न 'क' पर उपलब्ध है।

2. दिनांक 01.01.2015 को हुई राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

3. **क्षेत्रीय समितियों का राजभाषा संबंधी निरीक्षणः** इस संदर्भ में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष के भीतर बारी–बारी से चारों क्षेत्रीय समितियों का निरीक्षण किया जाए तथा साथ में क्षेत्रीय केन्द्रों में एक दिन हिन्दी कार्यशाला भी आयोजित की जाए।

{(कार्रवाई परामर्शदाता(राभा)}

4. **कम्प्यूटरों में यूनिकोड फोंट एवं हिन्दी सॉफ्टवेयर की व्यवस्थाः** मुख्यालय तथा सभी क्षेत्रीय केन्द्रों के प्रत्येक कम्प्यूटर में यूनिकोड फोंट और हिन्दी सॉफ्टवेयर अनिवार्य रूप से डाले जाएं। यूनिकोड को राजभाषा विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.gov.in से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है।

{(कार्रवाई परामर्शदाता(राभा)}

/अवर सचिव(प्रशासन)

5. **तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षाः** दिनांक 31–03–2015 को समाप्त हिन्दी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई जिसमें मंत्रालय से उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा सुझाव दिए गएः

(i) हिन्दी पत्राचार की प्रतिशतता 77 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए।

(ii) अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिन्दी में दिए जाएं और इसकी प्रतिशतता बढ़ाई जाए।

(iii) अधिकांश टिप्पणियां हिन्दी में लिखी जानी चाहिए।

(iv) हिन्दी कार्यशाला हर तिमाही में की जानी चाहिए।

{(कार्रवाई परामर्शदाता(राभा)}

6. परिषद की वेबसाइट में **'आज का शब्द' तथा 'आज का विचार'** डाला जाए। साथ ही 2 बोर्ड बनवाएं जाएं एवं उनपर भी **आज का शब्द' तथा 'आज का विचार'** दोनों गेटों पर प्रदर्शित किए जाएं तथा इन्हीं शब्दों और विचारों पर प्रतियोगिता आयोजित की जाए।

{(कार्रवाई परामर्शदाता(राभा)}

/अवर सचिव(प्रशासन)

7. हिन्दी प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारियों को हिन्दी कार्य में भी लगाया जाए जिससे उनका ज्ञान व कौशल बरकरार रहे।

{(कार्रवाई परामर्शदाता(राभा)}

/अवर सचिव(प्रशासन)

8. **तिमाही हिन्दी न्यूज लेटर का प्रकाशनः** परिषद से एक तिमाही द्विभाषी (हिन्दी तथा अंग्रेजी) **'न्यूजलेटर'** का नियमित प्रकाशन किया जाए, जिसमें मुख्यालय और क्षेत्रीय समितियों में होने वाले कार्यक्रमों एवं प्रगति का विवरण आदि की सचित्र रिपोर्ट प्रकाशित की जाए।

{(कार्रवाई अवर सचिव(समन्वय/परामर्शदाता(राभा)}

9. परिषद की वेबसाइट आवश्यक रूप से द्विभाषिक हो, इससे संबंधित सामग्री का अनुवाद बाहर से तत्काल आधार पर कराया जाए।

{(कार्रवाई परामर्शदाता(राभा)}

/अवर सचिव(ईडीपी)

10. यह भी सुझाव दिया गया कि परिषद में हिन्दीमय वातावरण सृजित करने की दृष्टि से समय–समय पर हिन्दी संबंधी कार्यक्रम आयोजित करते रहना चाहिए, **जैसे – राष्ट्रीय पर्वों के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता तथा गोष्ठियां** आदि आयोजित की जा सकती हैं।

{(कार्रवाई परामर्शदाता(राभा)}

अध्यक्ष को धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त हुई।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 03.07.2015 को आयोजित बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची निम्नानुसार है:

1. प्रोफेसर संतोष पांडा	अध्यक्ष
2. श्री जुगलाल सिंह, सदस्य सचिव	सदस्य
3. श्री अवधेश नायक, अवर सचिव	सदस्य
4. डॉ. राकेश तोमर, अवर सचिव	सदस्य
5. श्रीमती सरस्वती कृष्णामूर्ति, अनुभाग अधिकारी	सदस्य
6. श्री एस.पी.उनियाल परामर्शदाता(राभा)	सदस्य
7. डॉ. अनिल शुक्ला, उप सचिव	सदस्य सचिव
8. श्री के.सी.नौटियाल, परानर्शदाता, रा.भा, मासंविमं	आमंत्रित सदस्य